


बिहार सरकार

पता :– 2nd Floor- जिला परिषद् भवन, बेगूसराय, 851101

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय
(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

## कार्यालय आदेश

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक 2215 दिनांक 27.04.2026 के आलोक में वर्ष 2022 एवं 2026 में के0जी0बी0भी0 में चतुर्थ वर्गीय श्रेणी के कर्मियों के नियोजन हेतु सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नियोजन प्रक्रिया से संबंधित सूचना निर्गत की गई है। निर्गत समय सारिणी एवं दिये गये निर्देश तथा इस संबंध में जिला नियोजन समिति का दिनांक 03.06.2026 को आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में बेगूसराय जिलान्तर्गत करतूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों यथा अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया के रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदनों/आवेदनकर्त्ता का काउसिंलिंग अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय ज्ञापांक KGBV/1350 बेगूसराय दिनांक 05.06.2026 के आलोक में दिनांक 11.06.2026 से 16.06.2026 को पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित तालिका के अनुसार आयोजित किया गया है।

नोटः– किसी भी कारणवश दिनांक–11.06.2026 से 16.06.2026 तक अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया पद के आवेदक/आवेदिका उक्त तिथि को काउन्सिलिंग के लिए उपस्थित नहीं हो पाये हैं, वैसे सभी आवेदक/आवेदिका को अंतिम रूप से दिनांकः–**19.06.2026** को 9:30 बजे से 4:00 बजे तक बी0ई0पी0, बेगूसराय के सभा कक्ष में काउन्सिलिंग निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी आवेदक/आवेदिका का काउन्सिलिंग हेतु कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | काउन्सिलिंग की निर्धारित तिथि | काउन्सिलिंग स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया | **19.06.2026** | **3rd Floor- जिला परिषद् भवन, के उपर बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय, बेगूसराय के सभा कक्ष में।** | |

विदित हो कि दिनांक–19.06.2026 को काउन्सिलिंग में **शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेख की दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अलग–अलग लिफाफे में रखकर तथा सभी आवश्यक मूल अभिलेख के साथ काउन्सिलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।**

काउन्सिलिंग हेतु अभ्यर्थियों की सूची जिला के वेबसाईट **nicbegusarai.in** एवं बिहार शिक्षा परियोजना, बेगूसराय के वेबसाईट **www.bepbegusarai.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

16-06-26


जिला शिक्षा पदाधिकारी
बेगूसराय।

**ज्ञापांक** KGBV/1414 **बेगूसराय, दिनांक** 16.06.2026

प्रतिलिपि– श्री चंदन कुमार, सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर, बि0शि0परि0, बेगूसराय को निदेश दिया जाता है कि बिहार शिक्षा परियोजना बेगूसराय के वेबसाईट पर पत्र एवं सूची अपलोड करना सुनिश्चित करें।

D:\laptop data\Google folder\Letter\KGBV head.docx 148

Scanned with OKEN Scanner




बिहार सरकार

पता :– 2nd Floor- जिला परिषद् भवन, बेगूसराय, 851101

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय
## (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

प्रतिलिपि– एन.आई.सी. पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि के0जी0बी0भी0 चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के नियोजन से संबंधित सूचना एवं सूची एन.आई.सी. बेगूसराय के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– जिला पदाधिकारी, बेगूसराय की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि– राज्य परियोजना निदेशक, बि0शि0परि0परि0,पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

16.06.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
बेगूसराय।



Scanned with OKEN Scanner